**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।**

# प्रश्न पुस्तिका

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या

**विषय कोड : 26**

**विषय : संगीत सितार/वादन**

**अनुक्रमांक (अंकों में) :**

**अनुक्रमांक (शब्दों में) :** ____________________

| अभ्यर्थी के हस्ताक्षर | | कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | |
|---|---|---|---|

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 200**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में दो भाग हैं । जिसके प्रथम भाग में सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित कुल **30** प्रश्न हैं ।
2. इस प्रश्न–पुस्तिका के द्वितीय भाग में वैकल्पिक विषय से सम्बन्धित कुल **70** प्रश्न हैं ।
3. इस प्रश्न–पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से एक विकल्प को चुन लें, जिसे आप उत्तर पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगें कि एक से अधिक विकल्प सही हैं, तो उस विकल्प को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगें । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही विकल्प चुनना है ।
4. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न–पुस्तिका की जाँच अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, कटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो ।**
5. अभ्यर्थी कक्ष निरीक्षक द्वारा निर्देश देने के उपरान्त ही प्रश्न–पुस्तिका की सील खोलें ।
6. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तर देने से पहले प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।
7. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न–पत्र का सही कोड, उत्तरित प्रश्नों की संख्या तथा अनुत्तरित प्रश्नों की संख्या स्वच्छतापूर्वक लिखें अन्यथा उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
8. अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर काले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा गहरा कर दें । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जाँचा नहीं जायेगा ।
9. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) में एक बार गोला भरे जाने के बाद उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जायेगा ।
10. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) को किसी प्रकार न मोड़ें ।
11. आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) कक्ष निरीक्षक को लौटा दें ।
12. यदि हिन्दी या अंग्रेजी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अन्तिम माना जाएगा ।
13. यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधन का प्रयोग करता है या उसका प्रयास करता है अथवा परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का व्यवधान करता है, तो वह परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा ।
14. कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जायेगा जब तक **120** मिनट (दो घण्टे) पूरे न हो गये हो ।
15. कोई भी रफ कार्य, यदि कोई हो, इस कार्य हेतु निर्धारित खाली पन्नों पर ही किया जाना चाहिये । अतिरिक्त पन्ने नहीं दिये जायेंगे ।
16. अपना अनुक्रमांक आदि लिखने के लिए तथा उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तरों को भरने के लिए केवल काले बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें ।

**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।**

***Note : The English version of the instructions is printed on the last page of this Question Booklet.***

## सामान्य ज्ञान

## GENERAL KNOWLEDGE

1. भारत का पहला सौर मिशन 'आदित्य एल1' कब प्रक्षेपित किया गया था ?

(A) सितम्बर 2023 (B) अक्टूबर 2024 (C) जून 2023 (D) नवम्बर 2023

When was first solar mission of India 'Aditya L1' launched ?

(A) September 2023 (B) October 2024 (C) June 2023 (D) November 2023

2. किस शहर में पैरा एशियाई खेल, 2023 आयोजित किये गये थे ?

(A) बीजिंग (B) गुआंगजौ (C) हांगजौ (D) शंघाई

In which city Para Asian Games, 2023 were held ?

(A) Beijing (B) Guangzhou (C) Hangzhou (D) Shanghai

3. 2024 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया था ?

(A) अजय त्यागी (B) माधबी पुरी बुच (C) यू. के. सिन्हा (D) डी. आर. मेहता

Who was appointed as the Chairperson of the Securities and Exchange Board of India (SEBI) in 2024 ?

(A) Ajay Tyagi (B) Madhabi Puri Buch (C) U. K. Sinha (D) D. R. Mehta

4. तमिलनाडू में एक नयी राजनीतिक पार्टी ''तमिलागा वेट्री कज़गम'' किसके द्वारा शुरू की गयी ?

(A) कमल हसन (B) रजनीकांत

(C) अजित कुमार (D) जोसेफ विजय चन्द्रशेखर

Who launched 'Tamilaga Vettri Kazhagam', a new political party in Tamil Nadu ?

(A) Kamal Hasan (B) Rajnikant

(C) Ajith Kumar (D) Joseph Vijay Chandrashekhar

5. 19 वाँ जी-20 शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था ?

(A) नई दिल्ली, भारत (B) रियो डि जनेरो, ब्राजील

(C) जकार्ता, इण्डोनेशिया (D) मास्को, रूस

Where was 19th G-20 Summit held ?

(A) New Delhi, India (B) Rio de Janeiro, Brazil

(C) Jakarta, Indonesia (D) Moscow, Russia

6. स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत कब हुयी ?

(A) 2 अक्टूबर, 2014 (B) 21 अगस्त, 2014 (C) 22 जनवरी, 2015 (D) 28 अगस्त, 2014

When Swachha Bharat Mission was started ?

(A) 2 October, 2014 (B) 21 August, 2014 (C) 22 January, 2015 (D) 28 August, 2014

7. समाजमिति परीक्षण का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था ?

(A) जे. ए. डेविस (B) ए. जे. रेइस (C) जे. एल. मोरेनो (D) ए. एम. एडवर्ड्स

Who was the first to apply the sociometric test ?

(A) J. A. Davis (B) A. J. Reiss (C) J. L. Moreno (D) A. M. Edwards

8. निम्नलिखित को एक अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :
I. प्रारम्भिक समंक
II. समंको का प्रसंस्करण
III. समंको का विश्लेषण
IV. समंको का प्रस्तुतीकरण

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) I, II, IV, III (B) I, IV, III, II (C) II, III, IV, I (D) I, III, II, IV

Arrange the following in a sequence :
I. Raw Data
II. Data Processing
III. Analysis of Data
IV. Presentation of Data

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) I, II, IV, III (B) I, IV, III, II (C) II, III, IV, I (D) I, III, II, IV

9. निम्नलिखित में से कौन-सा एक मानव प्रतिभागियों को शामिल करने वाले शोध का प्राथमिक नैतिक विचार है ?

(A) सांख्यिकीय महत्व सुनिश्चित करना
(B) विशाल प्रतिदर्श आकार प्राप्त करना
(C) उन्नत शोध पद्धतियों का प्रयोग करना
(D) प्रतिभागियों की गोपनियता बनाये रखना

Which one among the following is a primary ethical consideration when conducting research involving human participants ?

(A) Ensuring statistical significance
(B) Achieving a large sample size
(C) Utilizing advanced research methodology
(D) Maintaining participant anonymity

10. खोजपरक अधिगम जो अन्वेषण आधारित शिक्षण की विधि है, किसके द्वारा आरम्भ की गयी ?

(A) विलियम जेम्स (B) जेरोम ब्रूनर (C) जॉन डेवी (D) जीन पियाजे

Who introduced discovery learning method of inquiry based education ?

(A) William James (B) Jerome Bruner (C) John Dewey (D) Jean Piaget

11. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कौन-सी पहल उच्च शिक्षा में ''डिजिटल लर्निंग'' की चुनौतियों का समाधान करने का लक्ष्य रखती है ?

(A) स्वच्छ भारत अभियान
(B) भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी (NDLI)
(C) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम
(D) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU)

Which initiative of UGC aims to address the challenges of "Digital Learning" in higher education ?

(A) Swachh Bharat Abhiyan
(B) National Digital Library of India (NDLI)
(C) Digital India Programme
(D) Indira Gandhi National Open University (IGNOU)

12. दशमलव संख्या 10 का बाइनरी प्रतिनिधित्व क्या है ?

What is the binary representation of decimal number 10 ?

(A) 0110 (B) 1001 (C) 1010 (D) 1100

13. गीगाबाइट शब्द का तात्पर्य है

(A) 1024 बाइट्स (B) 1024 किलोबाइट्स (C) 1024 मेगाबाइट्स (D) 1024 गीगाबाइट्स

The term gigabyte refers to

(A) 1024 bytes (B) 1024 kilobytes (C) 1024 megabytes (D) 1024 gigabytes

14. आँकड़ों की गणना हेतु निम्न में से कौन–सा साधन प्रयुक्त होता है ?

(A) MS Access (एम. एस. एक्सेस) (B) MS Excel (एम. एस. एक्सेल)

(C) Google Docs (गूगल डाक्स) (D) MS PowerPoint (एम. एस. पावरपॉइंट)

Which tool is used among the following for data calculation ?

(A) MS Access (B) MS Excel

(C) Google Docs (D) MS PowerPoint

15. निम्न में कौन–सा 'इनपुट डिवाइस' है ?

(A) बार कोड रीडर (B) मानीटर (C) प्रोजेक्टर (D) ब्रेल रीडर

Which of the following is an 'input device' ?

(A) Bar code reader (B) Monitor (C) Projector (D) Braille reader

16. पर्यावरणीय परिस्थितियों में परिवर्तन के सम्बन्ध में पौधों के मौसमी गतिविधियों के समय को कहा जाता है

(A) पारिस्थितिकी (B) परिघटना विज्ञान

(C) जलवायु विज्ञान (D) वानिकी

The timing of seasonal activities of plants in relation to change in environmental conditions is referred to as

(A) Ecology (B) Phenology

(C) Climatology (D) Forestry

17. 'कार्टाजीना प्रोटोकॉल' निम्नलिखित में से किस एक से सम्बन्धित है ?

(A) विरासत स्थलों से (B) आर्द्रभूमि से

(C) जीवित संशोधित जीवों से (D) ओज़ोन परत संरक्षण से

'Cartagena Protocol' is related to which one of the following ?

(A) Heritage sites (B) Wetlands

(C) Living modified organisms (D) Ozone layer conservation

18. निम्नलिखित में से कौन–सी एक बाज़ार आधारित प्रणाली है जहाँ कम्पनियाँ उत्सर्जन अनुमतियों को खरीद एवं बेच सकती हैं ?

(A) कार्बन स्पेस (B) कार्बन सिक्वेस्ट्रेशन

(C) कार्बन सिंक (D) कार्बन ट्रेडिंग

Which one among the following is a market based system where companies can buy and sell emission permits ?

(A) Carbon Space (B) Carbon Sequestration

(C) Carbon Sink (D) Carbon Trading

19. निम्नलिखित वायुमंडलीय गैसों को उनके आयतन प्रतिशत के घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिए ।

I. कार्बन डाइऑक्साइड

II. नाइट्रोजन

III. ऑक्सीजन

IV. ऑर्गन

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) I, II, IV, III (B) I, IV, III, II (C) II, III, IV, I (D) I, III, II, IV

Arrange the following atmospheric gases in order of their volume percentages in descending order.

I. Carbon dioxide

II. Nitrogen

III. Oxygen

IV. Argon

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) I, II, IV, III (B) I, IV, III, II (C) II, III, IV, I (D) I, III, II, IV

20. निम्नलिखित ग्रहों को उनके कक्षीय अवधि के आधार पर घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिये ।

1. शनि
2. मंगल
3. बृहस्पति
4. यूरेनस

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) 4, 3, 2, 1 (B) 4, 1, 3, 2

(C) 3, 2, 1, 4 (D) 3, 4, 2, 1

Arrange the following planets in descending order according to their orbital period.

1. Saturn
2. Mars
3. Jupiter
4. Uranus

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) 4, 3, 2, 1 (B) 4, 1, 3, 2

(C) 3, 2, 1, 4 (D) 3, 4, 2, 1

21. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A)** : जब कोई जहाज नदी से निकलकर समुद्र में प्रवेश करता है, तो वह कुछ ऊपर उठ जाता है ।

**कारण (R)** : समुद्र के जल का घनत्व नदी के जल के घनत्व से अधिक है ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) गलत है

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सत्य है

Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).

**Assertion (A)** : When a ship leaves a river and enters the ocean it rises a little.

**Reason (R)** : The density of sea water is more than that of river water.

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(C) (A) is true, but (R) is false

(D) (A) is false, but (R) is true

22. किस तिथि को अखिल भारतीय काँग्रेस समिति की बैठक में गाँधीजी ने काँग्रेसियों से भारत के विभाजन को स्वीकार करने को कहा था ?

(A) 14 जून, 1947 (B) 12 जून, 1947 (C) 04 जून, 1947 (D) 03 जून, 1947

On which date Gandhiji asked Congressmen to accept the Partition of India at the All India Congress Committee Meeting ?

(A) 14 June, 1947 (B) 12 June, 1947 (C) 04 June, 1947 (D) 03 June, 1947

23. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विषय समवर्ती सूची में नहीं है ?

(A) शिक्षा (B) न्याय प्रशासन

(C) बाट और माप (D) लोक स्वास्थ्य

Which one of the following subjects is not in the concurrent list ?

(A) Education (B) Administration of justice

(C) Weights and measures (D) Public health

24. मेगास्थनीज किसके दरबार में राजदूत के रूप में आया था ?

(A) बिन्दुसार (B) अशोक (C) चन्द्रगुप्त मौर्य (D) बृहद्रथ

In whose court did Megasthenes come as an ambassador ?

(A) Bindusar (B) Ashok (C) Chandragupta Maurya (D) Brihadratha

25. राज्यों में द्वैध शासन किस वर्ष लागू किया गया था ?

In which year Dyarchy was started in the provinces ?

(A) 1909 (B) 1919 (C) 1935 (D) 1937

26. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी दी गयी है ?
(A) अनुच्छेद 21(A)
(B) अनुच्छेद 45
(C) अनुच्छेद 19
(D) अनुच्छेद 32

Under which Article of Indian Constitution is the Right to Education guaranteed as Fundamental Right ?
(A) Article 21(A)
(B) Article 45
(C) Article 19
(D) Article 32

27. किस संविधान संशोधन द्वारा सहकारी समितियों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया ?
(A) 96 वाँ संविधान संशोधन
(B) 97 वाँ संविधान संशोधन
(C) 99 वाँ संविधान संशोधन
(D) 101 वाँ संविधान संशोधन

By which Constitutional Amendment, the Co-operative Societies were given Constitutional status ?
(A) $96^{th}$ Constitutional Amendment
(B) $97^{th}$ Constitutional Amendment
(C) $99^{th}$ Constitutional Amendment
(D) $101^{th}$ Constitutional Amendment

28. कोविड महामारी (2020 – 21) के दौरान सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों का क्रम भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में चयनित कीजिये ।
(A) कृषि, सेवा, उद्योग
(B) सेवा, कृषि, उद्योग
(C) सेवा, उद्योग, कृषि
(D) उद्योग, सेवा, कृषि

Select the order of worst affected sectors in the context of Indian Economy during Covid Pandemic (2020 – 21).
(A) Agriculture, Service, Industry
(B) Service, Agriculture, Industry
(C) Service, Industry, Agriculture
(D) Industry, Service, Agriculture

29. एक तरह की बेरोजगारी, जिसमें किसी व्यक्ति का किसी कार्य में होना या न होना कोई अन्तर नहीं डालता है, कहलाती है
(A) अल्प रोजगार
(B) औपचारिक बेरोजगारी
(C) मौसमी बेरोजगारी
(D) प्रच्छन्न बेरोजगारी

A type of unemployment in which the presence or absence of a person in a job does not make a difference, is called
(A) Under employment
(B) Formal unemployment
(C) Seasonal unemployment
(D) Disguised unemployment

30. संघीय बजट (2025 – 26) के तहत पहली बार कल्याण हेतु सामाजिक सुरक्षा स्कीम का प्रस्ताव दिया गया है
(A) विनिर्माण क्षेत्र के श्रमिकों के लिये
(B) कृषि क्षेत्र के श्रमिकों के लिये
(C) ऑनलाइन प्लैटफॉर्म श्रमिकों के लिये
(D) महिला श्रमिकों के लिये

Under the Union Budget (2025 – 26), first time Social Security Scheme for Welfare has been proposed for
(A) Manufacturing workers
(B) Agricultural workers
(C) Online platform workers
(D) Women workers

# संगीत – सितार/वादन
# MUSIC SITAR/INSTRUMENTAL

31. त्रयोदश श्रुति अन्तराल के अनुसार छन्दोवती श्रुति के सम्वादी श्रुति का नाम क्या होगा ?

(A) रक्ता
(B) मदन्ती
(C) सन्दीपनी
(D) आलापिनी

What will be the name of Samvadi Shruti of Chandovati Shruti according to 13 Shruti interval ?

(A) Rakta
(B) Madanti
(C) Sandipani
(D) Aalapini

32. दो स्वरों को सम्वादी होने के लिए 9 और 13 श्रुतियों के अन्तराल के अतिरिक्त क्या आवश्यक है ?

(A) दोनों स्वरों का समश्रुतिक होना
(B) दोनों स्वरों का समप्रकृति होना
(C) दोनों स्वरों का शुद्ध होना
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Except the interval of nine and thirteen Shrutis what is the other necessary element to have samvad between two Swars ?

(A) Both Swar should have equal Shrutis
(B) Both Swar should have same nature
(C) Both Swar should be natural
(D) None of the above

33. मुख्य राग को छिपाते हुए अन्य समप्रकृति रागों के कुछ स्वरों को प्रयोग करने की क्रिया को क्या कहते हैं ?

(A) आक्षिप्तिका
(B) तिरोभाव
(C) आविर्भाव
(D) इनमें से कोई नहीं

The process of using some Swars (Notes) of other Samprakriti (similar) Raga's while hiding the main Raga is called

(A) Akshiptika
(B) Tirobhav
(C) Avirbhav
(D) None of these

34. चतुर्दण्डी प्रकाशिका में कितने प्रकार के गमकों का वर्णन प्राप्त होता है ?

How many types of Gamakas were describe in Chaturdandi Prakashika ?

(A) 15 (B) 16

(C) 17 (D) 18

35. तीसरे स्वरान्तर का भिन्नांक होता है

Value of Third Interval is

(A) 9/8 (B) 5/4

(C) 4/3 (D) 3/2

36. नाद की तीव्रता निर्भर करती हैं

(A) द्रव्य पर (B) कम्प की संख्या

(C) आवृत्ति पर (D) कम्प का आयाम

Intensity (Teevrata) of Nad depends upon

(A) Substance (B) Number of vibration

(C) Frequency (D) Amplitude of vibration

37. एक साथ एक से अधिक मेलॉड़ी को मिला दिया जाए तो उसे कहते हैं

(A) सिम्पल हॉरमोनी

(B) सिंकोपेशन

(C) स्लर

(D) काउन्टर पॉइंट हॉरमोनी

If more than one melody is mixed together it is called as

(A) Simple Harmony

(B) Syncopation

(C) Slur

(D) Counter point harmony

38. मिलान कीजिए ।

| | हिन्दुस्तानी राग | | कर्णाटकीय राग |
|---|---|---|---|
| a. | आसावरी | I. | शुभपन्तुवराली |
| b. | तोड़ी | II. | कामवर्धिनी |
| c. | मारवा | III. | नट भैरवी |
| d. | पूर्वी | IV. | गमनप्रिया |

(A) a – III, b – I, c – IV, d – II

(B) a – II, b – I, c – IV, d – III

(C) a – III, b – I, c – II, d – IV

(D) a – III, b – IV, c – I, d – II

Match the following.

| | Hindustani Raga | | Carnatic Raga |
|---|---|---|---|
| a. | Aashawari | I. | Shubhpantuwarali |
| b. | Todi | II. | Kamvardhini |
| c. | Marwa | III. | Nat Bhairvi |
| d. | Poorvi | IV. | Gamanpriya |

(A) a – III, b – I, c – IV, d – II

(B) a – II, b – I, c – IV, d – III

(C) a – III, b – I, c – II, d – IV

(D) a – III, b – IV, c – I, d – II

39. पं. श्रीनिवास के अनुसार तीव्र मध्यम की कौन–सी आन्दोलन संख्या निश्चित है ?

According to Pt. Sriniwas on which frequency Tivra Madhyam is fixed ?

(A) $344 \frac{8}{13}$

(B) $381 \frac{3}{17}$

(C) 288

(D) 360

40. 'संगीत पारिजात' के अनुसार रागों की संख्या कितनी है ?

The number of Ragas according to the 'Sangeet Parijat' are

(A) 200 (B) 225 (C) 125 (D) 264

41. 'कला', 'लय', 'यति' और 'प्रस्तार' ये जाने जाते हैं

(A) ताल के प्राण (B) राग प्रस्तार (C) राग लक्षण (D) ताल प्रस्तार

'Kala', 'Laya', 'Yati' and 'Prastar' are known as

(A) Pranas of Taal (B) Rag Prastar (C) Rag Lakshan (D) Taal Prastar

42. कर्नाटक संगीत की जावली किस हिन्दुस्तानी संगीत की गीत रचना के समान है ?

(A) ध्रुपद (B) तराना

(C) लक्षणगीत (D) ठुमरी

Which vocal form of Hindustani Music is similar to Javali of Carnatic music ?

(A) Dhrupad (B) Tarana

(C) Lakshangeet (D) Thumari

43. पं. भातखण्डे के अनुसार शुद्ध मध्यम किस श्रृति पर स्थापित है ?

(A) रक्तिका (B) प्रसारिणि

(C) मार्जनी (D) वज्रिका

According to Pt. Bhatkhande on which Shruti Suddha Madhyam is established ?

(A) Raktika (B) Prasarini

(C) Marjani (D) Vajrika

44. राग सिंदूरा का रागांग है

(A) कल्याण रागांग (B) बिलावल रागांग

(C) काफी रागांग (D) तोड़ी रागांग

Ragang of Raga Sindura is

(A) Kalyan Ragang (B) Bilawal Ragang

(C) Kafi Ragang (D) Todi Ragang

45. रसूलन बाई गायकी की किस विधा के लिये प्रसिद्ध थी ?

(A) ख्याल व टप्पा
(B) ध्रुपद व ठुमरी
(C) ठुमरी व भजन
(D) ठुमरी व टप्पा

In which form of singing Rasoolan Bai was famous ?

(A) Khyal and Tappa
(B) Dhrupad and Thumari
(C) Thumari and Bhajan
(D) Thumari and Tappa

46. सितार की फ़िरोज़खानी गत के प्रवर्तक थे

(A) फ़िरोज़ खाँ सदारंग
(B) फ़िरोज़ खाँ अदारंग
(C) फ़िरोज़ खाँ मनरंग
(D) फ़िरोज़ खाँ ढ़ाढ़ी

Firozkhani Gat of Sitar was introduced by

(A) Firoz Khan Sadarang
(B) Firoz Khan Adarang
(C) Firoz Khan Manrang
(D) Firoz Khan Dhadi

47. कर्नाटक संगीत के 'प्रबन्ध' में क्या-क्या सम्मिलित होता है ?

(A) काव्य, तराना व मृदंग के बोल
(B) साहित्य, सरगम व चोल्लुकेट्टू
(C) काव्य, तराना व चोल्लुकेट्टू
(D) सरगम, तराना व काव्य

Which one of the combination is included in terms of 'Prabandh' in Carnatic Music ?

(A) Kavya, Tarana and Bole's of Mridangam
(B) Literature, Sargam and Chollukettu
(C) Kavya, Tarana and Chollukettu
(D) Sargam, Tarana and Kavya

48. किस गायन विधा में 'रामा' शब्द का प्रयोग प्रत्येक पंक्ति के अंत में होता है ?

(A) टप्पा (B) कजरी (C) चैती (D) ठुमरी

In which singing form the word 'Rama' is used in end of the each line ?

(A) Tappa (B) Kajari (C) Chaiti (D) Thumari

49. निम्न में से किस गायन विधा को दक्षिण भारत में चोल्लुकेट्टू के नाम से जाना जाता है ?

(A) चतुरंग (B) ठुमरी

(C) त्रिवट (D) टप्पा

Which of the following singing form is known as Chollukettu in South India ?

(A) Chaturang (B) Thumari

(C) Trivat (D) Tappa

50. प्रबन्ध की तीन अंगों से युक्त जाति को कहते हैं

(A) मेदिनी (B) आनंदिनी

(C) भावनी (D) तारावली

The Jati of Prabandh having three Angas is called

(A) Medini (B) Aanandini

(C) Bhawni (D) Tarawali

51. तराना के अविष्कारक हैं

(A) बहादुर हुसैन खाँ (B) तानरस खाँ

(C) हज़रत अमीर खुसरो (D) गुलाम नबी शोरी

Tarana was introduced by

(A) Bahadur Hussain Khan (B) Tanras Khan

(C) Hazrat Amir Khusro (D) Gulam Nabi Shori

52. फ़िरोज़खानी गत के साथ मुख्यत: कौन-सी ताल बजाई जाती थी ?

(A) तीनताल (B) एकताल

(C) आड़ा-चारताल (D) चारताल

From the following Talas which Taal is mainly used to play with Firozkhani Gat ?

(A) Teen Taal (B) Eak Taal

(C) Ada-Chartaal (D) Char Taal

53. प्रसिद्ध गायक सवाई गन्धर्व का पूरा नाम

(A) स्व. रामभाऊ कुन्दगोलकर (B) बसवराज राजगुरू

(C) स्व. रज्ज़ब अली खाँ (D) उ. सादिक अली खाँ

The full name of the famous singer Sawai Gandharv is

(A) Late Ram Bhau Kundgolkar (B) Basawaraj Rajguru

(C) Late Rajjab Ali Khan (D) Ustad Sadik Ali Khan

54. नन्हे खाँ, बुन्दु खाँ एवं नसीर अहमद गायक कलाकार इनमें से किस घराने का प्रतिनिधित्व करते थे ?

(A) पटियाला घराना (B) आगरा घराना

(C) दिल्ली घराना (D) किराना घराना

Which one of these Gharanas was represented by Nanhe Khan, Bundu Khan and Naseer Ahamad ?

(A) Patiyala Gharana (B) Agra Gharana

(C) Delhi Gharana (D) Kirana Gharana

55. निम्न में से कौन-सा सितार का प्रथम व प्रमुख घराना है ?

(A) रामपुर (B) मैहर (C) जयपुर (D) इटावा

Which one of the following is the first and main Gharana of the Sitar ?

(A) Rampur (B) Maihar (C) Jaipur (D) Itawa

56. एक ही परम्परा में वरिष्ठ से कनिष्ठ के क्रम में व्यवस्थित कीजिए ।

I. नियामत खाँ

II. मसीत खाँ

III. रज़ा खाँ

IV. फ़िरोज़ खाँ

(A) II, III, IV, I (B) I, II, IV, III (C) I, IV, II, III (D) I, IV, III, II

In same tradition, arrange the following from senior to junior.

I. Niyamat Khan

II. Masit Khan

III. Raja Khan

IV. Firoz Khan

(A) II, III, IV, I (B) I, II, IV, III (C) I, IV, II, III (D) I, IV, III, II

57. उम्र के अनुसार निम्नलिखित को वरिष्ठ से कनिष्ठ के क्रम में व्यवस्थित कीजिए ।

I. रविशंकर

II. अब्दुल हलीम जाफर खाँ

III. विलायत खाँ

IV. निखिल बनर्जी

(A) I, II, III, IV (B) III, IV, I, II (C) II, III, IV, I (D) I, IV, II, III

Arrange the following according to the age from older to younger.

I. Ravi Shankar

II. Abdul Haleem Zafar Khan

III. Vilayat Khan

IV. Nikhil Banerjee

(A) I, II, III, IV (B) III, IV, I, II (C) II, III, IV, I (D) I, IV, II, III

58. घराना एवं वादन शैली के समानता के आधार पर उचित मिलान कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. देबू चौधरी | I. आशिष खाँ |
| b. अली अकबर खाँ | II. बुद्धदेव दास गुप्ता |
| c. विलायत खाँ | III. आषिक अली खाँ |
| d. राधिका मोहन मोइत्रा | IV. निशात खाँ |

(A) a – III, b – I, c – IV, d – II

(B) a – II, b – I, c – IV, d – III

(C) a – III, b – IV, c – I, d – II

(D) a – I, b – IV, c – II, d – III

Match the following according to similar Gharana and style of playing.

| | |
|---|---|
| a. Debu Chaudhury | I. Ashish Khan |
| b. Ali Akbar Khan | II. Buddhdev Das Gupta |
| c. Vilayat Khan | III. Aashiq Ali Khan |
| d. Radhika Mohan Moitra | IV. Nishat Khan |

(A) a – III, b – I, c – IV, d – II

(B) a – II, b – I, c – IV, d – III

(C) a – III, b – IV, c – I, d – II

(D) a – I, b – IV, c – II, d – III

59. इनमें से कौन कलाकार छः मुख्य तारों से युक्त सरोद का प्रयोग करता है ?

(A) अमजद अली खाँ (B) जरीन दारूवाला

(C) अली अकबर खाँ (D) बहादुर खाँ

Which among the following Artist uses Sarod with six main strings ?

(A) Amjad Ali Khan (B) Jareen Daruwala

(C) Ali Akbar Khan (D) Bahadur Khan

60. एक या एक से अधिक आवर्तनयुक्त मृदंग की परन को तंती वाध पर वादन करना कहलाता है

(A) बोल परन (B) तार परन

(C) लड़-लपेट (D) लड़-गुथाव

To play one or more than one Aawartan of Paran of Mridang on an string instrument is called

(A) Bol Paran (B) Tar Paran

(C) Lad-Lapet (D) Lad-Guthav

61. भरत ने न्यास स्वरों की संख्या कितनी बताई है ?

How many Nyas Swars are described by Bharat ?

(A) 15 (B) 20 (C) 21 (D) 10

62. निम्नलिखित में से किस कलाकार ने राग 'हेम ललित' की रचना की है ?

(A) पं. निखिल बनर्जी (B) अलाउद्दीन खाँ

(C) मणिलाल नाग (D) पं. रविशंकर

From the following Artists, who composed Raga 'Hem Lalit' ?

(A) Pt. Nikhil Banerjee (B) Allauddin Khan

(C) Manilal Nag (D) Pt. Ravi Shankar

63. नारदकृत संगीत मकरन्द का द्वितीय अध्याय किस पर आधारित है ?

(A) राग पर
(B) स्वर पर
(C) वाग्गेयकार पर
(D) नृत्य पर

Second chapter of Sangeet Makrand written by Narad is based on

(A) Raga
(B) Swar
(C) Vageykar
(D) Dance

64. किसने 'श्रुति दर्पण' नाम से प्रयोग किया ?

(A) भरत मुनि
(B) पं. लालमणि मिश्रा
(C) आचार्य बृहस्पति
(D) पं. ओंकारनाथ ठाकुर

Who done the experiment named 'Shruti Darpan' ?

(A) Bharat Muni
(B) Pt. Lalmani Mishra
(C) Acharya Brihaspati
(D) Pt. Omkar Nath Thakur

65. 'राग तरंगिणी' में कितने 'संस्थानों' का वर्णन प्राप्त होता है ?

How many 'Sansthan' were described in 'Raga Tarangini' ?

(A) 11
(B) 12
(C) 13
(D) 14

66. संगीत रत्नाकर में सात शुद्ध स्वरों की श्रुतियों के अतिरिक्त अन्य श्रुतियों को किस नाम से सम्बोधित किया गया है ?

(A) श्रुति जाति
(B) अन्तर श्रुति
(C) प्रति श्रुति
(D) प्रमाण श्रुति

In Sangeet Ratnakar what is the name of Shruti other than the Shrutis of seven Suddha Swars ?

(A) Shruti Jati
(B) Antar Shruti
(C) Prati Shruti
(D) Praman Shruti

67. शारंगदेव कृत संगीत रत्नाकर को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है ?

(A) संगीत कोष
(B) सप्ताध्यायी
(C) अष्टाध्यायी
(D) अनूप संगीत रत्नाकर

Sangeet Ratnakar of Sharangdev is also known as

(A) Sangeet Kosh
(B) Saptadhyai
(C) Ashtadhyai
(D) Anoop Sangeet Ratnakar

68. जृम्भा किसका प्रकार है ?

(A) सात्विक अनुभाव
(B) संचारी
(C) व्यभिचारी
(D) कायिक

Jrimbha is a kind of

(A) Satvik Anubhav
(B) Sanchari
(C) Vyabhichari
(D) Kayika

69. सात्विक अनुभाव के कितने प्रकार है ?

How many types of Satvik Anubhav are ?

(A) 5
(B) 8
(C) 9
(D) 12

70. 'अलंकार शास्त्र' के अनुसार 'रस' का सिद्धान्त किसने दिया ?

(A) शंकुक
(B) भट्ट नायक
(C) अभिनव गुप्त
(D) भट्ट लोल्लट

Who describe theory of 'Rasa' according to 'Alankar Shastra' ?

(A) Shankuk
(B) Bhatt Nayak
(C) Abhinav Gupt
(D) Bhatt Lollat

71. भट्ट लोल्लट के रस सिद्धान्त के अनुसार संयोग शब्द का अर्थ है

(A) भुक्तिवाद (B) अनुमितिवाद

(C) आरोपवाद–उत्पत्तिवाद (D) उत्पाद्य–उत्पादकवाद

What is the meaning of Sanyog according to Rasa theory of Bhatt Lollat ?

(A) Bhuktivaad (B) Anumitivaad

(C) Aaropvaad-Utpattivaad (D) Utpaddya-Utpadakvaad

72. नीचे दो कथन दिए गए है :

**कथन – I** : सौन्दर्य का दर्शन ललित कलाओं पर आधारित है तथा इसके तीन सूत्र हैं – नाद ब्रह्मवाद, रस ब्रह्मवाद, वस्तु ब्रह्मवाद ।

**कथन – II** : बर्कले के अनुसार ''सौन्दर्य का अन्तिम चरम या स्रोत ईश्वर है'' ।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनें ।

(A) कथन I एवं II दोनों असत्य हैं

(B) कथन I एवं II दोनों सत्य हैं

(C) कथन I सत्य एवं II असत्य है

(D) कथन I असत्य एवं II सत्य है

Two statements are given below :

**Statement – I** : The philosophy of Aesthetic is based on Lalit Kala and it has three Sutras like – Nad Brahmavaad, Rasa Brahmavaad, Vastu Brahmavaad.

**Statement – II** : According to Burkley “The ultimate source of beauty is God”.

In the light of the above statements choose the correct answer from below.

(A) Both I and II are false

(B) Both I and II are true

(C) Statement I is true and II is false

(D) Statement I is false and II is true

73. संख्याशास्त्र के अनुसार 'रस' की व्याख्या किसने की ?

(A) अभिनव गुप्त (B) भट्ट नायक (C) भट्ट लोल्लट (D) शंकुक

Who described 'Rasa' according to Numerology ?

(A) Abhinav Gupt (B) Bhatt Nayak (C) Bhatt Lollat (D) Shankuk

74. आधुनिक मतानुसार भक्ति एवं वात्सल्य को किस 'रस' में समाहित माना गया है ?

(A) श्रृंगार रस में (B) हास्य रस में (C) शान्त रस में (D) करुण रस में

According to modern views in which of the following 'Rasa' the Bhakti and Vatsalya is categorised ?

(A) in Shringar Rasa (B) in Hasya Rasa (C) in Shant Rasa (D) in Karun Rasa

75. उचित मिलान करें :

| | |
|---|---|
| a. सितार | I. असद अली खाँ |
| b. सुरबहार | II. राधिका मोहन मोइत्रा |
| c. सरोद | III. रईस खाँ |
| d. रुद्र वीणा | IV. इमरत खाँ |

(A) a – IV, b – III, c – II, d – I

(B) a – III, b – IV, c – I, d – II

(C) a – III, b – IV, c – II, d – I

(D) a – II, b – I, c – III, d – IV

Match the following :

| | |
|---|---|
| a. Sitar | I. Asad Ali Khan |
| b. Surbahar | II. Radhika Mohan Moitra |
| c. Sarod | III. Rais Khan |
| d. Rudra Veena | IV. Imrat Khan |

(A) a – IV, b – III, c – II, d – I

(B) a – III, b – IV, c – I, d – II

(C) a – III, b – IV, c – II, d – I

(D) a – II, b – I, c – III, d – IV

76. सरोद में बाज के तार की तरफ से प्रथम चार तारों को किस क्रम में मिलाते हैं ?

(A) म, सा, प, रे | (B) प, सा, म, रे
(C) म, सा, प, सा | (D) सा, प, सा, प

In Sarod starting from Baaz string in which order the first four strings are tuned ?

(A) Ma, Sa, Pa, Re | (B) Pa, Sa, Ma, Re
(C) Ma, Sa, Pa, Sa | (D) Sa, Pa, Sa, Pa

77. निम्नलिखित में से कौन अवनद्ध वाद्य हैं ?

I. पेपा
II. मादर
III. दमामा
IV. अपंग
V. चिमटिया

(A) केवल II | (B) III एवं IV
(C) II एवं III | (D) उपरोक्त सभी

Which of the following are Percussion Instruments ?

I. Pepa
II. Madar
III. Damama
IV. Apang
V. Chimtiya

(A) Only II | (B) III and IV
(C) II and III | (D) All the above

78. लोकवाद्य 'तासा' किस वर्ग का वाद्य है ?

(A) तत् (B) अवनद्ध (C) सुषिर (D) घन

In which category the 'Tasa' folk instrument is categorised ?

(A) Tata (B) Avanaddha (C) Sushir (D) Ghan

79. आधुनिक युग में 'पिनाकी वीणा' का परिवर्तीत रूप क्या है ?

(A) दिलरूबा
(B) सरोद
(C) सारंगी
(D) इसराज

Which is the change structure of 'Pinaki Veena' in modern period ?

(A) Dilruba
(B) Sarod
(C) Sarangi
(D) Israj

80. पं. देवेन्द्र मुरूदेश्वर किस वाद्य के कलाकार हैं ?

(A) सन्तूर
(B) गिटार
(C) बाँसुरी
(D) मैंडोलिन

Pandit Devendra Murudeshwar is an Artist of instrument

(A) Santoor
(B) Guitar
(C) Flute
(D) Mandolin

81. निम्न में से कौन-सा वायलिन के तारों को मिलाने की पाश्चात्य पद्धति है ?

(A) म̣, सा, प, रें
(B) स̣ा̣, प̣, सा, प
(C) प̣, सा, प, सां
(D) म̣, सा, प, सां

Which among the following is the Tuning system of Violin based on Western Music ?

(A) Ṃa, Sa, Pa, Ṙe
(B) Ṣạ, Pạ, Sa, Pa
(C) Pạ, Sa, Pa, Sȧ
(D) Ṃa, Sa, Pa, Sȧ

82. होरी गीत किन तालों के साथ गाया जाता है ?

(A) चौताल - सूलताल
(B) धमार - दीपचन्दी
(C) पश्तो - रूपक
(D) तीव्रा - आड़ाचौताल

Hori is sung with Taal's

(A) Chautal – Sooltal
(B) Dhamar – Deepchandi
(C) Pasto – Roopak
(D) Teevra – Adachautal

83. लोकविधा ''नौटंकी'' के साथ प्रयुक्त होने वाला मुख्य वाद्य है

(A) तासा (B) दमामा

(C) घटम् (D) नक्कारा

The instrument mainly used with folk form 'Nautanki' is

(A) Tasa (B) Damama

(C) Ghatam (D) Naqqara

84. नीचे दो कथन दिए गए है :

**कथन – I :** टप्पा पंजाबी भाषा का शृंगार प्रधान गीत है ।

**कथन – II :** टप्पा का आधार भिन्ना नामक गीति है ।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनें ।

(A) कथन I एवं II, दोनों सत्य हैं

(B) कथन I सत्य एवं II असत्य है

(C) कथन I एवं II, दोनों असत्य हैं

(D) कथन I असत्य एवं II सत्य है

Two statements are given below :

**Statement – I** : Tappa is a song, sung in Punjabi language based on Sringar Rasa.

**Statement – II** : Tappa is based on Bhinna Giti.

In the light of the above statements choose the correct answer from below.

(A) Both statement I and II are true

(B) Statement I is true and II is false

(C) Statement I and II are false

(D) Statement I is false and II is true

85. सुमेलित कीजिए ।

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | बिदेसिया | i. | ब्रज क्षेत्र |
| b. | रास | ii. | बिहारी ठाकुर |
| c. | कजरी | iii. | बसन्त ऋतु |
| d. | चैती | iv. | मिर्जापुर |

(A) a – ii, b – iii, c – i, d – iv

(B) a – i, b – ii, c – iv, d – iii

(C) a – ii, b – i, c – iv, d – iii

(D) a – iii, b – iv, c – ii, d – i

Match the following.

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Bidesiya | i. | Braj Kshetra |
| b. | Raas | ii. | Bihari Thakur |
| c. | Kajari | iii. | Basant Season |
| d. | Chaiti | iv. | Mirjapur |

(A) a – ii, b – iii, c – i, d – iv

(B) a – i, b – ii, c – iv, d – iii

(C) a – ii, b – i, c – iv, d – iii

(D) a – iii, b – iv, c – ii, d – i

86. निम्नलिखित में से कौन–सी लोक गीत शैली उत्तरप्रदेश राज्य से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) लाँगुरिया
(B) टप्पा
(C) नौटंकी
(D) चैती

Which of the following form of Folk Song is not related to Uttar Pradesh ?

(A) Languriya
(B) Tappa
(C) Nautanki
(D) Chaiti

87. नीचे दो कथन दिए गए है :

**कथन – I :** लावणी महाराष्ट्र का प्रसिद्ध लोकनृत्य है ।

**कथन – II :** लावणी लोकनृत्य में प्रमुख रूप से धौंसा अवनद्ध वाद्य प्रयुक्त किया जाता है ।
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनें ।

(A) कथन I एवं II दोनों सत्य हैं

(B) कथन I एवं II दोनों असत्य हैं

(C) कथन I सत्य है किन्तु कथन II असत्य है

(D) कथन I असत्य किन्तु कथन II सत्य है

Two statements are given below :

**Statement – I** : Lavani is the famous folk dance of Maharashtra.

**Statement – II** : Mainly Dhausa percussion instrument is accompany with Lavani Dance.

In the light of the above statements choose the correct answer from below.

(A) Both statements I and II are true

(B) Both statements I and II are false

(C) Statement I is true but II is false

(D) Statement I is false but II is true

88. दत्त संकलन का माध्यमिक स्रोत है

(A) साक्षात्कार

(B) डाक टिकट

(C) सी.डी.

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Secondary source of data collection is

(A) Interview

(B) Postal stamp

(C) C.D.

(D) None of the above

89. निगमन विधि किसे कहते हैं ?

(A) सामान्य से विशेष की ओर

(B) विषय का सरलीकरण

(C) विशेष से सामान्य की ओर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

What is deductive method ?

(A) From general to specific

(B) Simplification of subject

(C) From specific to general

(D) None of the above

90. स्तरीकृत-यादृच्छिक न्यायदर्श किसका प्रकार है ?

(A) संभाव्यता न्यायदर्श
(B) असम्भाव्यता न्यायदर्श
(C) कोटा न्यायदर्श
(D) आकस्मिक न्यायदर्श

Stratified random sampling is kind of

(A) Probability sampling
(B) Non probability sampling
(C) Kotes sampling
(D) Accidental sampling

91. शोध की रूपरेखा में सम्मिलित नहीं की जानी चाहिए

(A) शोध सामग्री का अध्ययन
(B) शोध निष्कर्ष
(C) परिकल्पना
(D) शोध उद्देश्य

Research synopsis should not include

(A) Review of Literature
(B) Conclusion of Research
(C) Hypothesis
(D) Objectives of Research

92. मात्रात्मक अनुसंधान किस पद्धति पर आधारित है ?

(A) आगमन
(B) निगमन
(C) मात्रात्मक
(D) कथात्मक

On which method the quantitative research is based ?

(A) Inductive
(B) Deductive
(C) Quantitative
(D) Narrative

93. इनमें से कौन दत्त संकलन का उपकरण नहीं है ?

(A) परिकल्पना
(B) साक्षात्कार
(C) अभिमत प्रपत्र
(D) पर्यवेक्षण

What is not a tool of data collection ?

(A) Hypothesis
(B) Interview
(C) Enquiry form
(D) Observation

94. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए ।

| **सूची – I राग** | **सूची – II थाट** |
|---|---|
| a. बिहाग | i. काफी |
| b. मुलतानी | ii. बिलावल |
| c. दरबारी | iii. तोड़ी |
| d. पटदीप | iv. आसावरी |

(A) a – iv, b – ii, c – i, d – iii

(B) a – ii, b – iv, c – iii, d – i

(C) a – ii, b – iii, c – iv, d – i

(D) a – i, b – ii, c – iii, d – iv

Match List – I with List – II.

| **List – I Raga** | **List – II Thaat** |
|---|---|
| a. Bihag | i. Kafi |
| b. Multani | ii. Bilawal |
| c. Darbari | iii. Todi |
| d. Patdeep | iv. Aasawari |

(A) a – iv, b – ii, c – i, d – iii

(B) a – ii, b – iv, c – iii, d – i

(C) a – ii, b – iii, c – iv, d – i

(D) a – i, b – ii, c – iii, d – iv

95. मध्य पंचम को मध्य सा स्वर मानकर म' प ग म ध स्वर बजाने से किस राग के स्वर प्राप्त होंगे ?

(A) हमीर (B) मारूबिहाग

(C) जैजयवन्ती (D) बिलासखानी तोड़ी

After fixing middle Sa on Middle Pancham the Swar of which Raga will be obtain by playing M'a Pa Ga Ma Dha Swars ?

(A) Hameer (B) Marubihag

(C) Jaijayvanti (D) Bilaskhani Todi

96. प्रहर के अनुसार रागों का क्रम दिन से रात के प्रहर में व्यवस्थित कीजिए ।

i. अडाणा

ii. भीमपलासी

iii. भैरव

iv. आसावरी

v. मारुबिहाग

(A) iii, ii, iv, v, i (B) iii, iv, ii, i, v (C) iii, iv, i, ii, v (D) iii, iv, ii, v, i

Arrange the following Raga in sequence of Morning to Night Prahar.

i. Adana
ii. Bhimpalasi
iii. Bhairav
iv. Asawari
v. Marubihag

(A) iii, ii, iv, v, i (B) iii, iv, ii, i, v (C) iii, iv, i, ii, v (D) iii, iv, ii, v, i

97. सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. नी ध प ध ग म ग | i. अल्हैया बिलावल |
| b. ऩि सा म, म प ग म, म ग रे सा | ii. पटदीप |
| c. ग प ध नि ध प, म ग म रे | iii. खमाज |
| d. म प ग म प, नि सां ध प | iv. भीमपलासी |

(A) a – iii, b – iv, c – i, d – ii (B) a – iii, b – iv, c – ii, d – i

(C) a – ii, b – iii, c – iv, d – i (D) a – i, b – ii, c – iv, d – iii

Match the following.

| | |
|---|---|
| a. Ni Dha Pa Dha Ga Ma Ga | i. Alhaiya Bilawal |
| b. Ni Sa Ma, Ma Pa Ga Ma, Ma Ga Re Sa | ii. Patdeep |
| c. Ga Pa Dha Ni Dha Pa, Ma Ga Ma Re | iii. Khamaj |
| d. Ma Pa Ga Ma Pa, Ni Sȧ Dha Pa | iv. Bhimpalasi |

(A) a – iii, b – iv, c – i, d – ii (B) a – iii, b – iv, c – ii, d – i

(C) a – ii, b – iii, c – iv, d – i (D) a – i, b – ii, c – iv, d – iii

98. निम्नलिखित में से किन राग जोडियों में आविर्भाव–तिरोभाव प्रक्रिया सम्भव है ?

| | |
|---|---|
| a. बिलासखानी तोड़ी | i. अड़ाना |
| b. मारवा | ii. आसावरी |
| c. दरबारी | iii. कोमल ऋषभ आसावरी |
| d. जौनपुरी | iv. सोहिनी |

(A) a – iii, b – iv, c – i, d – ii
(B) a – iii, b – iv, c – ii, d – i
(C) a – iv, b – iii, c – ii, d – i
(D) a – iv, b – iii, c – i, d – ii

In which pair of Raga the process of Avirbhav and Tirobhav is possible ?

| | |
|---|---|
| a. Bilaskhani Todi | i. Adana |
| b. Marwa | ii. Asawari |
| c. Darbari | iii. Komal Rishabh Asawari |
| d. Jaunpuri | iv. Sohini |

(A) a – iii, b – iv, c – i, d – ii
(B) a – iii, b – iv, c – ii, d – i
(C) a – iv, b – iii, c – ii, d – i
(D) a – iv, b – iii, c – i, d – ii

99. नीचे दो कथन दिए गए है :
**कथन – I** : राग सोहिनी मारवा थाट जन्य है ।
**कथन – II** : राग सोहिनी एवं राग मारवा समस्वरीय राग हैं ।
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनें ।

(A) दोनों कथन I एवं II असत्य हैं
(B) दोनों कथन I एवं II सत्य हैं
(C) कथन I सत्य एवं कथन II असत्य है
(D) कथन I असत्य एवं कथन II सत्य है

Two statements are given below :

**Statement – I** : Raga Sohini is originated from Marwa Thaat.
**Statement – II** : Raga Sohini and Raga Marwa both have same notes.

In the light of the above statements choose the correct answer from below.

(A) Both statement I and II are false
(B) Both statement I and II are true
(C) Statement I is true and II is false
(D) Statement I is false and II is true

100. नीचे दो कथन दिए गए है :

**कथन – I :** राग भैरव स्वयं एक रागांग राग है ।

**कथन – II :** राग भैरव के वादी–सम्वादी क्रमश: ग व ध स्वर हैं ।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनें ।

(A) दोनों कथन I एवं II सत्य हैं

(B) कथन I सत्य एवं कथन II असत्य है

(C) कथन I असत्य एवं II सत्य है

(D) कथन I एवं II दोनों असत्य हैं

Two statements are given below :

**Statement – I :** Raga Bhairav is itself a Ragang Raga.

**Statement – II :** Vadi and Samvadi swaras of Raga Bhairav are respectively Ga and Dha.

In the light of the above statements choose the correct answer from below.

(A) Both the statement I and II are true

(B) Statement I is true and II is false

(C) Statement I is false and II is true

(D) Both the statement I and II are false

रफ कार्य के लिए जगह

**Space for Rough Work**

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

# Question Booklet

## Subject Code : 26

## Subject : Music Sitar/Instrumental

**Roll No. (In Figures) :** | | | | | | | | |

**Roll No. (In Words) :** ______________________________

| Signature of Candidate | | Signature of Invigilator | |
|---|---|---|---|
| | | | |

**Time : 2 Hours** **Maximum Marks : 200**

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. There are two Parts in this Question Booklet. The first part of which contains a total of **30** questions related to General Knowledge.
2. There are a total of **70** questions related to the optional subject in the second part of this Question Booklet.
3. There are **100** question items given in this Question Booklet. Each question item is printed in both Hindi and English. Four options are given for each question. Choose one of these options which you want to mark on the Answer Sheet. If you feel that more than one option is correct, then mark the option which you think is best. Only one option has to be chosen for each question item.
4. **Immediately after the commencement of the examination, you must check the Question Booklet to ensure that there are no unprinted, torn or missing pages or question parts etc. in it.**
5. Candidates should open the seal of the Question Booklet only after being instructed by the Room Invigilator.
6. Before answering on the Answer Sheet (OMR Sheet), the candidate should carefully read all the instructions in the Question Booklet and Answer Sheet.
7. The candidate must write his/her roll number, subject, correct question paper code, number of answered questions and number of unanswered questions neatly on the Answer Sheet (OMR Sheet), otherwise the Answer Sheet will not be evaluated and the entire responsibility will be of the candidate himself/herself.
8. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR sheet using black ball point pen only. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer and it will not be evaluated.
9. Once answer is marked in the Answer Sheet (OMR Sheet), no change is permitted.
10. Candidate should not fold the Answer Sheet (OMR Sheet).
11. You are to mark your answers on Answer Sheet (OMR Sheet) only. When the examination is over, handover the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Room Invigilator.
12. In case of any discrepancy between the Hindi and English versions, English version will be taken as final.
13. If any candidate uses or attempts to use unfair means or creates any disturbance in the examination hall, he/she will be disqualified from the examination.
14. No candidate will leave the examination hall until **120** minutes (two hours) are completed.
15. Rough work, if any, should be done on the blank sheets prescribed for this purpose only. No extra sheets will be provided.
16. Use only black ball point pen for writing your roll number etc. and for filling in the answers on the Answer Sheet (OMR Sheet).

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

**ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपांतर इस प्रश्न–पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छपा है ।**